अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 10.05.2026 को पथ प्रमंडल, हिलसा अन्तर्गत चल रहे कार्यो/योजनाओं का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदनः—

उपस्थिति पदाधिकारीगणः—

1. श्री नवल किशोर सिंह, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, हिलसा
2. श्री निशांत अभिषेक, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, चण्डी/हिलसा
3. श्री गजेन्द्र कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रशाखा, हिलसा/थरथरी
4. संवेदक M/s Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd. के प्रतिनिधि

1. कार्य का नामः— **हिलसा—नूरसराय पथ (0.00 कि0मी0 से 18.98 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्ष 2025—26**

एकरारनामा सं0— 02/SBD/2025-26

कार्य प्रारंभ की तिथिः— 10.02.2026

कार्य समाप्ति की तिथिः— 09.08.2027

स्थल निरीक्षण प्रतिवेदनः— उक्त पथ में विभिन्न जगहों यथा इंदौत (पथांश कि0मी0 2.450 से कि0मी0 2.750), कुर्मीया बिगहा (पथांश कि0मी0 3.500 से कि0मी0 3.900), कानुपिपर (पथांश कि0मी0 5.250 से कि0मी0 5.650) एवं भत्तहर (पथांश कि0मी0 9.870 से कि0मी0 10.150) में कुल लंबाई 1.50 कि0मी0 में आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया की उक्त पथ के पथांश 15+080 पर Slab Culvert एवं HP Culvert को जोड़कर एक पुल निर्मित है, जो काफी पुराना एवं क्षतिग्रस्त है। विषयांकित पथ में कुल पाँच अदद पुराना Bridge है। उक्त सभी स्थल पर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था, परंतु पाँच में से चार स्थानों पर ही बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा HL Bridge बनाने हेतु प्रस्ताव पर स्वीकृति हो पाया, जिसपर कार्य प्रारम्भ है परन्तु पथांश 15+08 पर योजना स्वीकृत नहीं हो सका। इस प्रकार बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा योजना स्वीकृति हेतु भेजे जाने के कारण उक्त पथ के प्राक्कलन गठित करने के समय उक्त स्थल पर नया पुल—पुलियां का प्रावधान नहीं किया जा सका।

स्थल निरीक्षण के उपरान्त कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया जाता है कि उक्त पथांश 15+080 पर अवस्थित पुराने एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर तत्काल बरसात के पूर्व डायभर्सन का निर्माण कराते हुए उक्त स्थल पर 3/33/0 आकार का Box Culvert का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उक्त Box Culvert को मूल प्राक्कलन में सन्निहित करते हुए संशोधित प्राक्कलन अविलंब समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। संवेदक को निदेशित किया गया कि कार्य की प्रगति में तेजी लावें तथा बरसात के पूर्व सभी पुल—पुलियों का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। चूँकिः हिलसा—नूरसराय पथ हिलसा से जिला मुख्यालय—बिहारशरीफ को जोड़ने वाली एक मात्र पथ है। अतः उक्त पथ के चौड़ीकरण कार्य के साथ—साथ पथ को उत्पन्न में Motorable रखना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/

अधीक्षण अभियंता,
केन्द्रीय पथ अंचल
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक दिनांक

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, हिलसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/

अधीक्षण अभियंता,
केन्द्रीय पथ अंचल
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक 827 दिनांक 11/5/26

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता (दक्षिण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

11/5/26

अधीक्षण अभियंता,
केन्द्रीय पथ अंचल
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

11/05/26